## कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन, 6वॉ तल उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/पी0जी0/2022/696

लखनऊःदिनांक 25 मार्च,2022

**यू0पी0 नीट पी0जी0–2021 के मॉप–अप राउन्ड हेतु समय–सारिणी तथा आवश्यक दिशा–निर्देश**

राजकीय/निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर (एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा) तथा डी0एन0बी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु माप–अप राउन्ड की समय सारिणी निम्नवत् हैः–

| कं0सं0 | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन **(एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा)** प्रारम्भ होने की तिथि | दिनांक 26 मार्च 2022 (अपरान्ह 2:00 बजे) से दिनांक 29 मार्च 2022 तक (अपरान्ह 2:00 बजे तक) |
| 2 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन **(डी0एन0बी0)** प्रारम्भ होने की तिथि | दिनांक 26 मार्च 2022 (अपरान्ह 2:00 बजे) से दिनांक 29 मार्च 2022 तक (अपरान्ह 2:00 बजे तक) |
| 3 | मेरिट लिस्ट (एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा तथा डी0एन0बी0) जारी किये जाने की सम्भावित तिथि | दिनांक 30 मार्च 2022 |
| 4 | राजकीय मेडिकल कालेजों (एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा) की सीटों पर आवंटन की तिथि | दिनांक 05 अप्रैल 2022 |
| 5 | राजकीय मेडिकल कालेजों (डी0एन0बी0) की सीटों पर आवंटन की तिथि | दिनांक 06 अप्रैल 2022 |
| 6 | निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों की सीटों पर आवंटन की तिथि (एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा ) | दिनांक 07 अप्रैल 2022 से 08 अप्रैल 2022 तक |
| 7 | प्रवेश लेने की तिथि | आवंटन की तिथि को ही प्रवेश प्रकिया सम्पन्न होगी। On Spot Admission |

- मॉप–अप राउन्ड में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को रू0 2000/– पंजीकरण शुल्क ऑन–लाइन प्रकिया से नेट बैंकिग/डेबिड कार्ड/केडिट कार्ड के माध्यम से जमा करते हुये एन0आई0सी0 की वेब–साईट ***https://upneet.gov.in*** पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा तथा डी0एन0बी0 की कांउसिलिंग हेतु पृथक–पृथक पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।
- मॉप–अप राउन्ड का आयोजन **के0जी0एम0यू0 लखनऊ के कलाम सेंटर** में किया जायेगा। **अभ्यर्थी 05 अप्रैल 2022 को पूर्वान्ह् 11:00 बजे एवं शेष तिथियों में पूर्वान्ह् 10:00 बजे रिपोर्ट करेगे।**
- मॉप–अप राउन्ड हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होगे, जिन्हे यू0पी0 नीट पी0जी0 2021 की प्रथम एवं द्वितीय कांउसिलिंग के द्वारा कोई भी सीट आवंटित न हुई हो।
- यू0पी0 नीट पी0जी0 2021 की प्रथम या द्वितीय कांउसिलिंग से आवंटन प्राप्त प्रवेशित/अप्रवेशित/त्याग पत्र देने वाले अभ्यर्थी मॉप–अप राउन्ड हेतु अर्ह नही है।
- ऐसे अभ्यर्थी जो भारतवर्ष के किसी मेडिकल कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय में नीट पी0जी0–2021 के माध्यम से प्रवेशित है वह मॉप अप राउण्ड हेतु अर्ह नहीं होगे।
- **राजकीय क्षेत्र की सीटों हेतु रू0 30,000/– (रू0 तीस हजार मात्र), निजी क्षेत्र की एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा की सीटों हेतु रू0 200,000/– (रू0 दो लाख मात्र) की सिक्योरिटी धनराशि का बैंक ड्राफ्ट जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 (Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow के पक्ष में देय हो, को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सिक्योरिटी धनराशि किसी भी दशा में नकद (Cash ) में नही जमा की जायेगी।**
- ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सिक्योरिटी धनराशि पूर्व की काउंसिलिंग से जमा है, उन्हे पुनः सिक्योरिटी धनराशि जमा करने की आवश्यकता नही है।

- मॉप–अप राउन्ड के समय अभ्यर्थी को समस्त शैक्षणिक, जाति प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक प्रपत्र मूलरूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में आवंटन/प्रवेश पर विचार नही किया जायेगा।
- **निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेज/विश्वविद्यालय में क्लीनिकल सीटों हेतु शिक्षण शुल्क रू0 20.00 लाख तथा पैथालॉजी पाठ्यकम हेतु रू0 8.00 लाख का बैंक ड्राफ्ट** जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 **(Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow** के पक्ष में देय हो, **आवंटन के समय के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में प्रवेश पर विचार नही किया जायेगा।**
- शासनादेश दिनांक 08.12.2021 के द्वारा निर्धारित सिक्योरिटी शुल्क, हास्टल शुल्क तथा विविध शुल्क का सी0टी0एस0 बैंक ड्राफ्ट जो **महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 (Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow** के पक्ष में देय हो, **को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।**
- निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजो की निर्धारित शिक्षण शुल्क के अन्तर की धनराशि आवंटित/प्रवेशित मेडिकल कालेज अथवा **महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 के खाते में ऑनलाईन जमा किया जाना अनिवार्य होगा।**
- **उक्त दिशा–निर्देशों के अतिरिक्त यू0पी0 नीट पी0जी0 2021 हेतु निर्गत शासनादेश दिनांक 07.10.2021 तथा ब्रोशर में उल्लिखित निर्देशों का अनुपालन करते हुये मॉप–अप राउन्ड सम्पन्न किया जायेगा।**
- मॉप–अप राउन्ड की कार्यवाही सीटें उपलब्ध रहने तक ही की जायेगी।
- अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट ***https://upneet.gov.in & www.dgme.up.gov.in*** पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक

संख्या–एम0ई0–3/पी0जी0/2022/ तद्दिनांक